**Need to establish an Agriculture University in Shahjahanpur district,**

**Uttar Pradesh-Laid**

श्री अरुण कुमार सागर **(**शाहजहाँपुर**) :** मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर, जो एक अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र है, में गन्ना, गेहूं, धान और आलू की प्रमुख रूप से खेती होती है और फलों में आम व अमरूद की भी काफी उपज है ।

मुझे क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विगत काफी समय से स्थानीय लोग शाहजहांपुर जनपद में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कराए जाने हेतु अनुरोध कर रहे हैं । यह सही है कि यहाँ पर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने से युवाओं को कृषि की बारीकियां मालूम हो सकेंगी और वे कौशलयुक्त बन सकेंगे और साथ ही चूँकि, बरेली मंडल में कहीं भी कृषि विश्वविद्यालय नहीं है, इसलिए शाहजहांपुर के निकटवर्ती कृषि प्रधान जिलों को भी इसका भरपूर लाभ मिल सकेगा ।

अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह शाहजहांपुर जनपद के पुवायां विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खुटार, जो गन्ना एवं धान की बंपर उपज के लिए पहचाने जाते हैं, में एक कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने हेतु सकारात्मक कदम उठाए ।